span>

Title : Implementation of Jal Jeevan Mission in Rajasthan-Laid

श्री दुष्यंत सिंह (झालावाड़-बारां): हमारे माननीय प्रधान मंत्री, जी के पास "हर घर जल" की प्रेरित दृष्टि है । इस भव्य दृष्टिकोण को प्राप्त करने के लिए, भारत सरकार ने जल जीवन मिशन शुरू किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हर घर, हर गांव जिले में पानी की आपूर्ति हो ।

मैं आपका ध्यान राजस्थान में जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन की ओर दिलाना चाहता हूं ।

राजस्थान में गांव के इलाकों में पानी पहुंचाने की योजना का काम धीमी गति से हो रहा है । मैं आपको सूचित करना चाहता हूं कि सड़क काटने की मशीनें उपलब्ध नहीं कराई गई हैं । ग्रामीणों को पाइप लगाने के लिए हथौड़े और कुल्हाड़ी से गौरव पथ को तोड़ना पड़ा है । पानी का दबाव काफी कम हो गया है, क्योंकि कई कनेक्शनों की आपूर्ति के लिए एक पाइप का उपयोग किया जा रहा है । पानी के दबाव को बनाए रखने के लिए अधिक पाइप और बेहतर बुनियादी ढांचे की जरूरत है । ग्रामीणों ने मायूसी में अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए पाइप लाइन पंचर कर दी है । हालांकि इससे अन्य इलाकों में पानी की किल्लत हो गई है ।

मेरा अनुरोध है कि जल जीवन मिशन के तहत काम में तेजी लाई जाए ताकि 2024 तक "हर घर जल" का लक्ष्य हासिल किया जा सके ।